प्रादेशिक समाचार

दिनांक–29.01.2025 (दोपहर–1455 बजे)

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज शाम चार बजे रांची स्थित प्रोजेक्ट भवन में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक करेंगे। बैठक में मंइयां सम्मान योजना की उन लाभुकों को मार्च तक की छूट देने का निर्णय लिया जा सकता है, जिनके बैंक एकाउंट आधार से लिंक नहीं हैं। इसके अलावा राज्य हित में सरकार कई अन्य अहम फैसले ले सकती है।

********************

राज्य सरकार ने कल्याण विभाग के सभी विद्यालयों को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रुप में संचालित करने का निर्देश दिया है। राज्य के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक में कहा कि जनजातीय वर्ग के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलना चाहिए। उन्होंने मौके पर शिक्षा कैलेंडर भी जारी किया। इसके अनुसार राज्य के 59 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों सहित सभी आवासीय विद्यालयों में कक्षा छह से आठ में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा 9 मार्च को होगी।

********************

वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन पहली फरवरी को वित्तवर्ष 2025–26 का बजट पेश करेंगी। इसमें सरकार की आर्थिक प्राथमिकताएं और घरेलू तथा वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए वित्तीय रणनीतियां होंगी। विशेषज्ञ और लोगों को उम्मीद है कि इस बार सरकार का ध्यान देश में सुदृढ ढांचे के निर्माण पर जोर देकर आर्थिक वृद्धि, रोजगार सृजन और वित्तीय कुशलता पर होगा। केन्द्रीय बजट के प्रस्तुत होने से पहले आकाशवाणी समाचार बजट से विशेषज्ञों और लोगों की उम्मीदों पर एक विशेष श्रृंखला प्रस्तुत कर रहा है।

********************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में दो नक्सलियों को मार गिराया है। कुछ के घायल होने की भी सूचना है। एसपी आशुतोष शेखर ने घटना की पुष्टि की है। सुरक्षा बलों को सर्च अभियान में दो इंसास राइफलें भी मिली है।

********************

सिमडेगा समाहरणालय में एनडीआरएफ टीम की ओर से भूंकप को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

********************

राज्य के श्रम मंत्री संजय यादव आचार संहिता उल्लंघन मामले में कोर्ट में पेश हुए। गोड्डा जिले में 2014 के चुनाव के दौरान उन पर मामला दर्ज हुआ था।

********************

जामताड़ा जिले के गांधी मैदान में दो दिवसीय किसान मेला सह उद्यान प्रदर्शनी का उद्घाटन कल पूर्व सांसद फुरकान अंसारी ने किया। इस दौरान किसान समूहों को केसीसी ऋण और कृषि उपकरण वितरित किए गए। मौके पर श्री अंसारी ने कहा कि सरकार की योजनाओं से किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है। कृषि मेले में आधुनिक तकनीकों की जानकारी देकर किसानों को दक्ष बनाया जा रहा है।

********************

प्रयागराज में जारी महाकुंभ में भगदड़ के बाद अब हालात पूरी तरह से काबू में है। मौनी अमावस्या पर अमृत स्नान जारी है। इस बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रदालुओं से अपील की है कि वे अपने समीप के गंगा घाट पर डुबकी लगाएं।

********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाकुंभ में हुए हादसे पर दुख व्यक्त किया है। श्री मोदी ने सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

********************

हॉकी इंडिया लीग में आज शाम छह बजे जेएसडब्ल्यू  सूरमा हॉकी क्लब का सामना श्राची राढ़ बंगाल टाइगर से होगा। इसके बाद, सवा आठ बजे यूपी रुद्राज का मैच तमिलनाडु ड्रैगन्स से होगा। ये दोनों मैच राउरकेला में होंगे। इससे पहले कल गोनासिका ने शूटआउट में हैदराबाद तूफांस को तीन–एक से हरा दिया। अंक तालिका में श्राची राढ़ बंगाल टाइगर पहले और हैदराबाद तूफांस दूसरे स्थान पर है। प्रतियोगिता के सेमिफाइनल मैच 31 जनवरी को खेले जायेंगे जबकि एक फरवरी को फाइनल मुकाबला होगा।

*******समाप्त*******